1 नवंबर, 2023

## सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, प्रक्रियाओं को सुचारू बनाने और कम्युनिटी की भलाई को बढ़ाने के लिए बिजनेस लाइसेंसिंग उप-कानून का आधुनिकीकरण किया है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – निवासियों और कारोबारों को बेहतर सेवा देने के लिए, और कम्युनिटी की सुरक्षा और भलाई को सुनिश्चित करने के लिए, सिटी ने बिजनेस लाइसेंसिंग उप-कानून 332-2013 (Business Licensing By-Law 332-2013) को बदलकर, बिजनेस लाइसेंसिंग उप-कानून 184-2023 (Business Licensing By-Law 184-2023) कर दिया है। 1 नवंबर से, निम्नलिखित कारोबारों के लिए ब्रैम्पटन में काम करने के लिए वार्षिक बिजनेस लाइसेंस (Business Licence) लेना जरूरी होगा:

- आउटडोर स्टोरेज फैसिलिटीज,
- पालतू जानवरों की ग्रूमिंग,
- केटर्रस, और
- आउट-ऑफ-टाउन कार रेंटल कारोबार।

नए उप-कानून में व्हीकल पाउंड फैसिलिटीज (Vehicle Pound Facilities) की भी जरूरत होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वाहन मालिक अपनी सुविधा से, वाहन या इसकी सामग्रियों तक पहुंचकर इसे रिलीज करवा सकते हैं और अल्कोहल एंड गेमिंग कमिशन ऑफ ओनटैरियो (ए.जी.सी.ओ.) (Alcohol and Gaming Commission of Ontario) (AGCO) द्वारा मंजूर की गई मनोरंजन की जगहों (Places of Amusement) में उनके लिए अल्कोहल परोसे जाने की अनुमति है।

निवासियों और कारोबारों को सलाह दी जाती है कि बदलावों की पूरी सूची के लिए और यह समझने के लिए कि वे उन्हें कैसे प्रभावित कर सकते हैं, नए स्टेशनरी बिजनेस लाइसेंसिंग (Stationary Business Licensing) उप-कानून की समीक्षा करें।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी की सुरक्षा और भलाई को कायम रखते हुए, कारोबार-अनुकूलित माहौल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**लिंक**

नए बिजनेस लाइसेंसिंग उप-कानून की समीक्षा करने के लिए, कृपया यहां जाएं: https://pub-brampton.escribemeetings.com/filestream.ashx?DocumentId=95306.

**अतिरिक्त जानकारी**

नए स्टेशनरी बिजनेस लाइसेंसिंग उप-कानून 184-2023 (Stationary Business Licensing By-Law 184-2023) के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया Licensing@brampton.ca पर संपर्क करें।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca